BCM school Basant Avenue Ludhiana
Class IX Hindi (Dec.24)
Assignment -5

1.निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के उत्तर दें-
मानो, जनता है फूल जिसे अहसास नहीं,
जब चाहो तभी उतार सजा लो दोनों में; अथवा कोई दुधमुँही जिसे बहलाने के जंतर-मंतर सीमित हों चार खिलौनों में। लेकिन होता भूडोल, बवंडर उठते हैं,
जनता जब कोपाकुल हो भृकुटि चढ़ाती है;
दो राह समय के रथ का घर्घर-नाद सुनो, सिंहासन खाली करो कि जनता आती है। हुँकारों से महलों की नींव उखड़ जाती,
साँसों के बल से ताज हवा में उड़ता है,
जनता की रोके राह, समय में ताव कहाँ?
वह जिधर चाहती, काल उधर ही मुड़ता है। अब्दों, शताब्दियों, सहस्त्राब्द का अंधकार बीता; गवाक्ष अंबर के दहके जाते हैं;
यह और नहीं कोई, जनता के स्वप्न अजय चीरते तिमिर का वक्ष उमड़ते जाते हैं।

(क) जनता के हुंकारों से महलों की नींव उखड़ने का क्या अभिप्राय है?
उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।
1. अत्याचार सहन करना
2. शोषकों के घर तोड़ना
3. अशांति फैलाना
4. शोषकों की सत्ता छिनना
कूट
(i) 1 और 2 सही हैं
(ii) 3 और 4 सही हैं
(iii) केवल 3 सही है
(iv) केवल 4 सही है

(ख) कथन (A) शताब्दियों से फैला अंधकार दूर हो रहा है।
कारण (R) जनता द्वारा अपना अधिकार प्रयोग किया जा रहा है।
कूट
(i) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।
(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(iii) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(iv) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(ग) 'जंतर-मंतर सीमित हो चार खिलौनों में' पंक्ति में निहित मूलभाव क्या है?
(i) वायदे मात्र करके जनता को बहलाना
(ii) बच्चों को खिलौने बाँटना
(iii) भारतीय जनता बच्चों के समान कमज़ोर है
(iv) खिलौने रूपी सुंदर बातों द्वारा शासक वर्ग को आकर्षित करना

(घ) किसके लिए सिंहासन खाली करने के लिए कहा गया है?
(क) सरकार के लिए (ख)जनता के लिए (ग) नेताओं के लिए (घ)बच्चों के लिए

व्याकरण के लिए निर्धारित विषयों पर अतिलघुत्तरात्मक व लघुत्तरात्मक 20 प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें से केवल (1×16=16) के उत्तर देने हैं।

2.. निर्देशानुसार शब्द निर्माण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
(क) दुस्साहस शब्द में से उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए।
(ख) 'सम् उपसर्ग लगाकर दो शब्द लिखिए।
(ग) 'अपनापन' शब्द में से प्रत्यय और मूल शब्द अलग कीजिए।
(घ) 'आहट' शब्द में प्रत्यय लगाकर दो शब्द लिखिए।
(ङ) निराहारी' शब्द में प्रत्यय व उपसर्ग बताइए।

3. निर्देशानुसार समास पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
(क) गृहागत' में कौन-सा समास है?
(ख) 'यथासमय' समस्त पद का विग्रह करके समास का नाम लिखिए।
(ग) 'कमलनयन' समस्त पद का विग्रह करके समास का नाम लिखिए।
(घ) त्रिभुवन' में कौन-सा समास है?
(ङ) 'शास्त्रज्ञ' का समास-विग्रह क्या होगा?

4. निर्देशानुसार वाक्य भेद पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
(क) 'संसार में सभी सुखी हो जाएँ।' प्रस्तुत वाक्य का अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए।
(ख) 'चक्कर लगाने से जूता फटता है।' प्रस्तुत वाक्य को निषेधवाचक वाक्य में बदलिए।
(ग)आप इस महल की रक्षा करो।' प्रस्तुत वाक्य को प्रश्नवाचक वाक्य में बदलिए।
(घ) विजय सिंह जानवरों की देखभाल करते थे।' प्रस्तुत वाक्य को संकेतवाचक वाक्य में बदलिए।

(ङ) रोहन ! तुम रोज पढ़ने आया करो।' प्रस्तुत वाक्य का अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए।